मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 22/10/2025

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 554/2025
22 अक्टूबर 2025
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==========================

◆ मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामले विभाग के मंत्री श्री सुदिव्य कुमार, खेल सचिव श्री मनोज कुमार, खेल निदेशक श्री शेखर जमुआर और झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव श्री मधुकांत पाठक ने की शिष्टाचार मुलाकात

==========================

◆ मुख्यमंत्री को 24 से 26 अक्टूबर तक रांची में होने वाली चौथी सैफ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए किया आमंत्रित

==========================

◆ मुख्यमंत्री ने कहा- इस प्रतियोगिता की मेजबानी झारखंड के लिए गर्व की बात, इसका भव्य और शानदार आयोजन हो ताकि खेल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हमारे राज्य की एक अलग पहचान स्थापित हो

==========================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पर्यटन, कला, संस्कृति, खेल और युवा मामले विभाग के मंत्री श्री सुदिव्य कुमार, सचिव श्री मनोज कुमार, खेल निदेशक श्री शेखर जमुआर एवं झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव श्री मधुकांत पाठक ने शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को 24 से 26 अक्टूबर तक राजधानी रांची के मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में आयोजित होने वाली चौथी साउथ एशियन एथलेटिक्स फेडरेशन (सैफ) सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा। उद्घाटन समारोह 24 अक्टूबर को संध्या 6 बजे से आयोजित होगा। खेल मंत्री ने रांची में आयोजित हो रहे सैफ सीनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता की तैयारियों से संबंधित जानकारी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

भव्य, शानदार और सफल आयोजन हो

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं की मेजबानी करता आ रहा है । इसी कड़ी में एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का रांची में आयोजित होना पूरे झारखंड के लिए गर्व की बात है। इसका भव्य, शानदार और सफल आयोजन हो ताकि खेलों के क्षेत्र में हमारे राज्य की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक अलग पहचान स्थापित हो।

=========================

#Team PRD(CMO)